प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.03.2025 / संजय / 11.00 बजे

प्रादेशिक समाचार

विधानसभा

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन आज गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस है जिसमें विधायकों द्वारा सदन में चर्चा के लिए संकल्प प्रस्तुत किए जाएंगे। 11 बजे प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी। इसके बाद शून्यकाल में विधायक अपने–अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाएंगे।

विधेयक

प्रदेश सरकार ने राज्य में ड्रग माफिया पर नकेल कसने और नशे पर अंकुश लगाने के मकसद से विधानसभा में हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण व नियंत्रण विधेयक पेश किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सदन में पेश किए गए इस विधेयक में नशे के सौदागरों को न केवल आजीवन कारावास बल्कि उन्हें मृत्यु दंड का भी प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 10 लाख के जुर्माने का प्रावधान भी इस कानून में किया गया है।

भाजपा प्रदर्शन

भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज शिमला के चौड़ा मैदान में प्रदर्शन कर रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता.....

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि चिट्टे को लेकर हुई चर्चा के दौरान पक्ष–विपक्ष के सदस्यों की तरफ से रखे गए पक्ष को सोशल मीडिया में तोड़ मरोड़ कर पेश किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सदन के किसी भी सदस्य की मंशा न्यायपालिका को ठेस पहुंचाना नहीं है। अग्निहोत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि चिट्टा बॉर्डर एरिया में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का विषय है। अग्निहोत्री ने कहा कि इसमें संलिप्त तीन हजार लोग जेल में हैं।

समझौता ज्ञापन

राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक व सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हुए इस समझौते के तहत यूनेस्को हिमाचल को शिक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में सहायता प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल लर्निंग का विस्तार करते हुए सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदला जा रहा है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सत्ता में आने के बाद प्रदेश सरकार अपने सारे चुनावी वादे भूल गई है। विधानसभा में उन्होंने कहा कि करूणामूलकों से किए गए नौकरी देने के वायदों को भी सरकार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने 3 हजार से ज्यादा करूणामूलकों को नौकरी दी थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार ने एक भी करूणामूलक आधार पर नौकरी नहीं दी जबकि प्रदेश में केवल एक हजार 8 सौ 39 लोग करूणामूलक आधार पर नौकरी मिलने की आस में हैं।

आग नियंत्रण

सोलन जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने वनों में आग पर नियंत्रण के लिए विभिन्न निकायों व स्थानीय लोगों से सहयोग का आहवान किया है। एक बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में 94 अति संवेदनशील वन क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं जिनकी समुचित निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वनों में आग लगने की घटनाओं की सूचना आपातकालीन टोल फ्री नंबर 1077 पर दी जा सकती है।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते मौसम विभाग ने किन्नौर और लाहौल–स्पीति जिलों के कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी का यैलो अलर्ट जारी किया है। इसके प्रभाव से इन जिलों में आज बर्फबारी हो सकती है। इसके अतिरिक्त चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में तेज तूफान और आसमानी बिजली गिरने का यैलो अलर्ट भी विभाग ने जारी किया है। इस बीच चंबा जिले में बीती रात वर्षा हुई। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि ....